तापमान

अधिकतम 32.3 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 31 अक्टूबर 2025



09 सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिक्षा का मेल है...





10 गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में तराजू का पलड़ा...




## खबर संक्षेप



### सिटी थाने के सामने नाले में गिरी कार

**रोहतक।** पुराने बस स्टैंड स्थित सिटी थाने के सामने उस समय हलचल मच गई जब एक कार अचानक नाले में गिर गई। घटना के दौरान कार में चालक अकेला था, जिसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहगीर मौके पर पहुंचे तथा स्थिति को संभाला गया। बाद में क्रेन की मदद से कार को नाले से बाहर निकाला गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, नाले के पास बने संकरे रास्ते और सुरक्षा अवरोधक न होने के कारण इस तरह की घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### सांपला में बस की टक्कर से व्यक्ति घायल

**सांपला।** बस स्टैंड के बाहर एक रोडवेज बस ने एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। जिससे जिला झज्जर के गांव आसंडा निवासी रणबीर घायल हो गया। पुलिस ने उसके बेटे दिनेश के बयान पर बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। दिनेश ने बताया कि उसका पिता रणबीर किसी काम के लिए सांपला गया था। जब वह वापिस बस स्टैंड के पास पहुंचा तो रोडवेज बस ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आज चौबीसी चबूतरे से राष्ट्रीय एकता को दौड़

**महम।** राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य पर 31 अक्टूबर को चौबीसी चबूतरे पर दौड़ का आयोजन किया जाएगा। रन फोर यूनिटी के लिए अर्जुन अवार्डी दीपक हुड्डा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। इस दौड़ में महम विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों लोग भाग लेंगे।

### रोहतक में साइकिल मेला होगा आयोजित

**रोहतक।** जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह ने बताया कि हरियाणा शिक्षा विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार मेरी पसंद-मेरी साइकिल योजना के तहत कक्षा छठी में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति के ऐसे विद्यार्थियों को मुफ्त साइकिल वितरित किए जाते है, जिनके गांव में मिडल या हाई स्कूल नहीं है तथा उनके गांव से मिडल या हाई स्कूल की दूरी 2 किलोमीटर या इससे अधिक है। मेरी पसंद-मेरा साइकिल योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को 11 नवंबर को साइकिल वितरित करने के लिए भिवानी रोड स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में साइकिल मेला आयोजित किया जाएगा।

### नाटक के जरिए नशे से दूर रहने का दिया संदेश



**महम।** राजकीय महाविद्यालय, महम में नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों ने नाटक का मंचन किया। अंतिम वर्ष की छात्रा पायल, ममता, ज्योति और सपना ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के विरुद्ध विद्यार्थियों को सचेत किया। नाकट में संदेश दिया कि समाज में नशे की इस बुराई के खिलाफ माहौल बनाया जाना चाहिए ताकि इसे जड़ मूल से मिटाया जा सके। इस आयोजन में प्राध्यापिका निधि और अंजू रानी ने मुख्य भूमिका निभाई। आयोजन के अंत में मुख्य अतिथि प्रिंसिपल डॉ सत्यवर्त सोलंकी ने तमाम आयोजनकर्ताओं और प्रतिभागियों को सफल आयोजन पर बधाई दी।

## हिसार रोड, भिवानी स्टैंड, झज्जर और किला रोड पर कार्रवाई

# नगर निगम का अभियान तेज, 30 से अधिक दुकानदारों का सामान जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

### शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की मुहिम

- अभियान के दौरान कई रेहड़ी-पटरी संचालकों को भी चेतावनी दी
- मेज, फलैक्स काउंटर, सामान से भरे रैक और अन्य वस्तुओं को जब्त किया

शहर को अतिक्रमण मुक्त और यातायात को सुचारु बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शहर की सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम प्रतिदिन कार्रवाई कर रही है। बावजूद इसके कुछ दुकानदार नियमों की अनदेखी कर सड़क और फुटपाथों पर अतिक्रमण कर रहे हैं, जिसके चलते निगम प्रशासन को सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं। वीरवार को नगर निगम की एन्फोर्समेंट टीम ने भू-अधिकारी संदीप बतरा के नेतृत्व में हिसार रोड, भिवानी स्टैंड, झज्जर रोड और किला रोड क्षेत्रों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने सड़कों और फुटपाथों पर रखे गए मेज, फलैक्स बोर्ड, काउंटर, सामान से भरे रैक और अन्य वस्तुओं को जब्त किया।

लगभग 25 से 30 दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। निगम टीम ने यह भी पाया कि कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपने व्यापारिक सामान को फुटपाथ और सड़क के किनारे तक फैला दिया गया था, जिससे नागरिकों और वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही थी। अभियान के दौरान कई रेहड़ी-पटरी संचालकों को चेतावनी दी गई कि वे भविष्य में फुटपाथ या सड़क पर कब्जा न करें। निगम अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है बल्कि शहर की सुंदरता और स्वच्छता पर भी असर पड़ता है। निगम द्वारा यह अभियान नागरिकों की सुविधा और सार्वजनिक हित में चलाया जा रहा है। हालांकि सख्ती की वजह से दुकानदारों में भी रोष दिखाई दे रहा है।





### अतिक्रमण की कार्रवाई जनहित में: आयुक्त

अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई पूरी तरह से जनहित में है। आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि निगम का प्रयास है कि शहर में लोग आसानी से आवागमन कर सकें और बाजारों में किसी प्रकार की अव्यवस्था न रहे। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे नगर निगम के इस अभियान में सहयोग करें और अपनी दुकानें निर्धारित सीमा के भीतर ही लगाएं। यदि कोई व्यक्ति या दुकानदार दोबारा अतिक्रमण करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध न केवल जुर्माना लगाया जाएगा बल्कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। ऐसे व्यक्तियों की पूरी जिम्मेदारी स्वयं उनकी होगी।

### नागरिक चेतना बढ़ाने को कदम उठाया जा रहा

यह अभियान केवल कार्रवाई के लिए नहीं बल्कि नागरिक चेतना बढ़ाने के उद्देश्य से भी चलाया जा रहा है। शहर की स्वच्छता, सुंदरता और यातायात व्यवस्था बनाए रखना सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने विश्वास जताया कि यदि व्यापारी और आमजन निगम के साथ मिलकर सहयोग करेंगे, तो रोहतक को अतिक्रमण मुक्त और व्यवस्थित शहर बनाया जा सकेगा।



एमडीयू में भव्य स्वागत

# यूथ एशियन गेम्स में हार्दिक अहलावत ने जीता ब्रॉन्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के प्रतिभाशाली खिलाड़ी हार्दिक अहलावत ने यूथ एशियन गेम्स, बहरीन में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। उनकी इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर एमडीयू पहुंचने पर विश्वविद्यालय के खेल विभाग और कोच अशोक कुमार ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। कोच अशोक कुमार ने बताया कि हार्दिक ने प्रतियोगिता के दौरान दुबई, हांगकांग और वियतनाम की टीमों को मात देते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। यह एक टीम इवेंट था, जिसमें हार्दिक ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत का परचम लहराया। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ी हार्दिक अहलावत को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कुलपति प्रो राजबीर सिंह के कुशल नेतृत्व में खिलाडियों को आधुनिकतम खेल सुविधाएं दी जा रही हैं और इस दिशा में और अधिक प्रयास किए जा रहे हैं। हार्दिक ने कहा कि इस उपलब्धि का श्रेय वे अपने परिवार, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, इंडिया ताइक्वांडो और अपने मार्गदर्शक कोच अशोक कुमार को देते हैं।

कोच अशोक कुमार-बोले

### एशियन गेम्स और ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना लक्ष्य

कोच अशोक कुमार ने बताया कि अगला लक्ष्य एशियन गेम्स और ओलंपिक में भारत के लिए पदक जीतना है। उन्होंने यह भी कहा कि इसी मैदान से भारत को पहली पैरालंपियन खिलाड़ी अरुणा मिली थीं, और अब सामान्य ताइक्वांडो में भी ओलंपियन तैयार करने के सपने को साकार करने के लिए ताइक्वांडो चैंपियंस एकेडमी, एमडीयू रोहतक के खिलाड़ी और कोच दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। पूरे ताइक्वांडो परिवार में इस उपलब्धि को लेकर खुशी का माहौल है। हार्दिक की यह सफलता न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय बनी है और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी।

# बच्चों को साइबर खतरे से कराया अवगत

- लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस का अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिला पुलिस द्वारा साइबर अपराध पर नियंत्रण और आमजन को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को संभावित साइबर खतरों से बचाव के उपायों के प्रति शिक्षित, सूचित और सतर्क करना है।

थाना पीजीआईएमएस की टीम ने केंद्रीय विद्यालय (दिल्ली बाईपास) एवं राजकीय सेकेंडरी स्कूल गांधी कैम्प में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी। वहीं थाना शिवाजी कॉलोनी की टीम ने एचडी पब्लिक स्कूल बालंद में आयोजित एनसीसी कैंप के छात्रों को साइबर अपराध के तौर-तरीकों से अवगत कराया। थाना आर्य नगर की टीम ने कोचिंग संस्थानों में, तथा थाना अर्बन एस्टेट की टीम ने जेपी स्कूल में विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिलाओं के विरुद्ध अपराध, नशे के दुष्परिणाम तथा सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता एवं सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया।



**रोहतक।** विद्यार्थियों को सम्बोधित करते पुलिस अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### जागरुकता कार्यक्रम

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि साइबर अपराधी आज के समय के सोशल इंजीनियर हैं, जो भय और लालच दोनों का इस्तेमाल करके लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। साइबर खतरे किसी भेदभाव को नहीं मानते ये आम नागरिकों से लेकर बड़े व्यवसायों तक सभी को प्रभावित करते हैं। पुलिस ने सलाह दी कि साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देना ही नुकसान को रोकने का सबसे प्रभावी तरीका है। अक्तूबर माह को हरियाणा के सभी जिलों में "साइबर जागरूकता माह" के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और संस्थानों में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में नई एक्सरे मशीन का सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- अब मरीजों को एक्सरे जांच के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चिड़ी में सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र ने नई एक्सरे मशीन का विधिवत उद्घाटन किया। डॉ. रमेश चन्द्र ने बताया कि काफी समय से केंद्र में पुरानी मशीन खराब थी, जिसके कारण चिड़ी तथा आसपास के गांवों के मरीजों को जांच संबंधी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने बताया कि यह नई एक्सरे मशीन सिविल सर्जन रोहतक के प्रयासों से सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) के अंतर्गत पोजिटोरोन हॉस्पिटल, रोहतक द्वारा दान की गई है।

उन्होंने कहा कि इस मशीन के लगने से अब मरीजों को एक्सरे जांच के लिए अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। गांव चिड़ी के सरपंच नवीन दलाल ने इस जनकल्याणकारी पहल के लिए पूरे गांव की ओर से सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र का आभार व्यक्त किया और कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. रमेश चन्द्र ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधरोपण किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज रंगा, विजय, सुरेन्द्र अत्री, जितेन्द्र कुमार, डॉ. सुमित सैनी, रविन्द्र मौजूद रहे।



**रोहतक।** नई एक्सरे मशीन के उद्घाटन पर सिविल सर्जन डॉ. रमेश चन्द्र व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह।

### सांपला में छात्राओं ने नशामुक्ति के प्रति लोगों को किया जागरूक

**सांपला।** कस्बे के सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने गढ़ी सांपला गांव में नाटक पेश कर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर युवाओं को शपथ दिलाई। ये कार्यक्रम एंट्री ड्रग सेल और यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम की तरफ से किया गया। डॉक्टर रशिम और डॉ जगबीर मलिक ने भी लोगों को समाज में फैल रहे नशे की बुराईयों, परिवार व समाज पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी दी। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ सुनील चौहान ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।



### एमडीयू में क्रिकेट और बैडमिंटन मैच आयोजित

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रक्षा एवं सामरिक अध्ययन विभाग में स्टूडेंट्स एक्टिव माइंड्स क्लब के तत्वावधान में एमए प्रथम सेमेस्टर एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के बीच क्रिकेट और बैडमिंटन मैच का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष प्रो शालिनी सिंह, डॉ. प्रताप सिंह एवं डॉ. प्रोमिला रांगी ने संयुक्त रूप से किया। शुभारंभ अवसर पर प्रो. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. प्रताप सिंह ने बताया कि विभाग हर वर्ष खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। क्रिकेट मैच में एमए प्रथम सेमेस्टर की टीम ने एमए तृतीय सेमेस्टर की टीम को सात रनों से हराया। प्रथम सेमेस्टर के खिलाड़ियों ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 108 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए तृतीय सेमेस्टर की टीम 101 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अंकित कुमार को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

#### हौसला बढ़ाया

इस अवसर पर डॉ. वंदना कुमारी, डॉ. अरुणा, डॉ. अमित कुमार, शोध छात्र जसमेर, कुणाल एवं विभाग के अनेक विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए एक्टिव माइंड्स क्लब के सदस्यों के प्रयासों की सराहना की गई। खेल निदेशक डॉ शकुंतला बेनीवाल ने भी प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। विभागाध्यक्ष प्रो. शालिनी सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी।

अच्छी खबर | सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र के माध्यम से निर्देश दिए

एक नवंबर से शुरू होगा नया मिड डे मील मेन्यू

# बच्चों की थाली में मिठास, सप्ताह में एक दिन खीर, एक दिन मिलेगी पिन्नी

- बाल वाटिका से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से निर्णय लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर के सरकारी विद्यालयों में मिड डे मील योजना के तहत बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा की ओर से सभी जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं कि अब विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन खीर और एक दिन पिन्नी विद्यार्थियों को दी जाएगी। एक नवम्बर से योजना शुरू की जाएगी। बाल वाटिका से लेकर कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों की पोषण स्थिति को बेहतर बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। इसके लिए निदेशालय मौलिक शिक्षा हरियाणा एवं प्रबंधक निदेशक, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड पंचकूला के बीच 1 नवंबर 2025 से 31 मार्च 2026 तक का एग्रीमेंट किया गया है। इस अवधि के दौरान विद्यालयों में एक दिन बच्चों को इंस्टेंट खीर और एक दिन पिन्नी वितरित की जाएगी।

### हर माह पंचकूला भेजी जाएगी रिपोर्ट



जारी पत्र में कहा गया है कि संबंधित जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विद्यार्थियों के लिए निर्धारित मात्रा में खीर और पिन्नी हर सप्ताह समय पर विद्यालयों में पहुंचाई जाए। इसके लिए आवश्यकतानुसार मांग प्रबंधक निदेशक, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड पंचकूला को भेजी जाएगी। सभी अधिकारी एग्रीमेंट की शर्तों के अनुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें और इसकी प्रतिलिपि संबंधित विभागों को भेजकर आवश्यक सूचना और कार्रवाई की रिपोर्ट दें।

### बच्चों के लिए मीठी पहल

अब स्कूलों में बच्चों की थाली में पोषण के साथ मिठास भी शामिल होगी। इंस्टेंट खीर और पिन्नी दोनों ही ऊर्जा देने वाले और पौष्टिक खाद्य पदार्थ हैं। इनमें कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और आयरन की भरपूर मात्रा होती है, जो बच्चों की शारीरिक और मानसिक वृद्धि के लिए आवश्यक है। विशेषज्ञों का कहना है कि नियमित रूप से इस तरह के आहार मिलने से विद्यार्थियों में एकाग्रता, ऊर्जा और उत्साह बढ़ेगा। यह पहल बच्चों को स्वाद के साथ स्वास्थ्य का संदेश देगी। ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों के विद्यार्थियों को इससे अतिरिक्त पोषण मिलेगा। सर्दियों के मौसम में पिन्नी शरीर को गर्म रखेगी और ताकत बढ़ाने में मदद करेगी, वहीं खीर बच्चों के लिए ऊर्जा और मिठास का स्रोत बनेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के पौष्टिक भोजनों से बच्चों में स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और विद्यालय में रुचि तीनों में बढ़ोतरी होगी। अभिभावक भी इस नए मिड डे मील मेन्यू से उत्साहित और संतुष्ट नजर आ रहे हैं।

### एक दिन मिलेगी आयरन टैबलेट

इन दिनों में विद्यार्थियों को आयरन फोलिक एसिड टैबलेट भी दी जाएंगी ताकि बच्चों में आयरन की कमी से होने वाली बीमारियों को रोका जा सके। इससे पहले भी भारत सरकार के निर्देशानुसार छात्रों को निशुल्क पिन्नी और खीर दी जा रही थी, जिसका 90 दिन का चक्र 1 सितंबर 2025 तक पूरा हो चुका है। अब इसे आगे के लिए पुन आरंभ किया जा रहा है।
बाक्स--

# कुलताना में मजदूर का शव मिला, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

कुलताना मार्ग फैक्ट्री एरिया में एक मजदूर का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआईएमएस भेजा है। शव के मुंह से खून निकल रहा था। जिससे आशंका व्यक्त की की जा रही है कि युवक की हत्या की गई है। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर जांच शुरू की है। शक्रवार दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि कुलताना मार्ग फैक्ट्री एरिया में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा हुआ है।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पहचान कराने का प्रयास किया। जिसकी पहचान 27 वर्षीय निवासी रजनेश पुत्र राम खिलाड़ी छगनपुर यूपी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह दो दिन पहले ही गांव से यहां आया था।



- मुंह से निकल रहा था खून, दवा लेने की बात कहकर फैक्ट्री से वापस चला गया

### पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा

एक फैक्टरी में काम पर गया। लेकिन एक घंटे बाद दवा लेने की बात कह कर फैक्ट्री से वापस चला गया। दोपहर बाद एक प्लाट के पास मृत देखा गया। बताया उसके शरीर पर कोई गहरा चोट का निशान नहीं मिला। लेकिन मुंह से खून निकला हुआ था। उसकी मौत कैसे हुई है, अभी यह पता नहीं लग सका। सांपला थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह का कहना है कि शव की पहचान हो चुकी है। पोस्टमार्टम के बाद मौत के कारणों का पता चलेगा।

रोचक / शिखर चंद जैन

# बच्चों के मन को भाती प्यारी-अनोखी डॉल्स

बच्चो, तुम सभी को डॉल्स यानी गुड़ियों से खेलने में बहुत मजा आता होगा, है न! तुम ही नहीं दुनिया के अनेक देशों में रहने वाले बच्चे भी डॉल्स के संग खेलना पसंद करते हैं। जानो, देश-दुनिया में फेमस कुछ प्यारी-अनोखी डॉल्स के बारे में।

## अमेरिका की बार्बी डॉल्स

बार्बी डॉल को अमेरिका की बिजनेस वूमेन रूथ हैंडलर ने 1959 में तैयार किया था। पहली बार्बी डॉल ने चमकीले लाल होंठों के साथ एक स्मार्ट काले और सफेद धारीदार छोटी पोशाक पहनी थी, जो हॉलीवुड एक्ट्रेस मर्लिन मुनरो से प्रेरित थी। धीरे-धीरे बार्बी डॉल्स लोगों, खासकर बच्चों के बीच लोकप्रिय होने लगी। आज बार्बी डॉल केवल अमेरिका ही नहीं दुनिया भर के अनेक देशों में सबसे अधिक पसंद की जाने वाली डॉल मानी जाती है। *



## कर्नाटक की चन्नापटना डॉल्स



**चन्नापटना खिलौने,** लकड़ी से बनने वाले खिलौने और गुड़िया का एक विशेष रूप है, जो कर्नाटक के रामनगर जिले के चन्नापटना शहर में निर्मित किए जाते हैं। चन्नापटना को गोम्बेगाला ऊरू यानी खिलौनों के शहर के नाम से भी जाना जाता है। इन लकड़ी के खिलौनों को चन्नापटना में लाने का श्रेय मैसूर के शासक टीपू सुल्तान को दिया जाता है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों को लकड़ी के खिलौने बनाने का प्रशिक्षण देने के लिए फारस से कलाकारों को आमंत्रित किया था, जिससे इस उद्योग को स्थानीय स्तर पर फलने-फूलने में मदद मिली। चन्नापटना खिलौने पूरी तरह रसायन मुक्त यानी केमिकल फ्री होते हैं। इन्हें सब्जियों और पौधों से निकाले गए जैविक रंगों और प्राकृतिक रंगों से रंगा जाता है। आजकल इन्हें बनाने में चंदन और आम की लकड़ी का उपयोग किया जाता है। इनका आकार अधिकतर गोल और कुंद किनारों वाले घनाकार होता है, इसलिए ये बच्चों के लिए पूरी तरह सुरक्षित हैं। चन्नापटना ट्वॉयज को जीआई टैग प्राप्त है। *



## जापान की दारुमा डॉल्स

**दारुमा, एक** पारंपरिक गोल, खोखली डॉल है। यह लचीलेपन, सौभाग्य और आध्यात्मिक एकाग्रता का प्रतीक है। आमतौर पर इनका रंग लाल होता है, लेकिन इसके डिजाइन अलग-अलग होते हैं। इसकी खासियत यह है कि इसकी आंखों में पुतलियां (प्यूपिल्स) नहीं होतीं। लोग इस डॉल से अपनी विश मांगते हैं, जब उनकी विश पूरी हो जाती है तो वे इसकी आंखों में कलर भरते हैं और इसकी पुतलियां बनाते हैं। यह डॉल सफलता तक हार न मानने के लिए प्रचलित एक जापानी मुहावरे 'सात बार गिरती है, आठ बार उठती है' का प्रतीक है। इस डॉल को अगर तुम गिराओगे, तो यह गिरने के बाद फिर से सीधी खड़ी हो जाती है। जापान में नए साल की शुरुआत में लोग दारुमा डॉल्स खरीदते हैं। इसकी एक पुतली पर रंग भरते हुए अपनी कोई इच्छा (विश) मांगते हैं। जब वह इच्छा पूरी हो जाती है, तो गुड़िया की दूसरी पुतली पर भी रंग भर दिया जाता है। इस डॉल को जापान में 'लकी चार्म' माना जाता है। *

## आंध्र प्रदेश की कोंडापल्ली डॉल्स



**कोंडापल्ली खिलौने** या कोंडापल्ली डॉल्स का इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। 16वीं शताब्दी में जब आर्य क्षत्रियों का समुदाय राजस्थान से कोंडापल्ली आया था तो वे अपने साथ खिलौने बनाने की कला भी लाए। पौराणिक मान्यता है कि उन्हें इसे बनाने का कौशल भगवान शिव ने सिखाया था। मंदिरों में इन खिलौनों को कोंडापल्ली बमालू कहा जाता है। ये खिलौने ग्रामीण भारत और हिंदू देवताओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। ये खिलौने टेला पोनिकी (सफेद चंदन की लकड़ी) के बने होते हैं। कोंडापल्ली गुड़िया या खिलौने को बड़ी खूबसूरती से तराशा और रंगा जाता है। अंतिम चरण में इसे अलसी के तेल में डाला जाता है, जिससे यह पानी से खराब नहीं होती। कोंडापल्ली डॉल के एक सेट में 24 डॉल्स मौजूद होती हैं। ये डॉल्स ग्रामीण समाज के विभिन्न वर्गों, जैसे- मछुआरे, पुजारी, जनजातीय लोग, किसान, संगीतकार आदि का चित्रण करती हैं। कई बार इन डॉल्स को कुछ इस तरह बनाया जाता है कि इसके टुकड़े जैसे- शरीर, सिर, कान, सूंड़ और पूंछ आदि अलग-अलग बने होते हैं और फिर उन्हें सोने के तार से जोड़ा जाता है। कोंडापल्ली डॉल्स, आंध्र प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा हैं। कोंडापल्ली डॉल्स आंध्र प्रदेश के जीआई टैग हस्तशिल्प के रूप में भी पंजीकृत हैं। *

---

बच्चो, हनी बेजर इतना बुद्धिमान, बेखौफ और जुझारू एनिमल है कि जंगल का राजा शेर भी आमतौर पर इससे नहीं टकराता! आकार में छोटे, लेकिन साहस, बुद्धि और ताकत से भरपूर इस अनोखे जंतु के बारे में जानो कुछ अमेजिंग-इंटरेस्टिंग बातें।

# बुद्धिमान-साहसी-निडर हनी बेजर

अनोखा जंतु
रेखा शाह आरबी



बच्चो, जंगल में एक से एक आक्रामक, शिकारी और जहरीले जीव-जंतु निवास करते हैं। जंगलों में ही पाया जाने वाला हनी बेजर कई सारी खूबियों से युक्त एक लड़ाका (फाइटर) और बेखौफ जानवर है।

**नहीं डरता किसी से:** हनी बेजर एक निडर शिकारी जानवर है। जंगल का कोई भी जानवर, चाहे वो कितना भी विशाल, शक्तिशाली या जहरीला क्यों न हो, अगर इससे टकराए, तो यह पलटकर जोरदार वार करता है। यह इतना शक्तिशाली होता है कि कछुए के मजबूत खोल को अपने जबड़े से चीर-फाड़ देता है। यह अपनी मोटी खाल, नुकीले दांत और शक्तिशाली लंबे पंजे के बल पर अपने दुश्मनों को तगड़ी चुनौती देने की ताकत रखता है। आमतौर पर शेर भी हनी बेजर का शिकार नहीं करता, क्योंकि यह देर तक शेर का सामना करने की हिम्मत और ताकत रखता है।

**निवास-शारीरिक बनावट और जीवन काल:** हनी बेजर का वैज्ञानिक नाम 'मेलिवोरा कैपेंसिस' है। यह भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण पश्चिम-एशिया और अफ्रीका में पाया जाता है। भारत में इसे 'बिज्जु' भी कहा जाता है। अपने देश में यह मुख्य रूप से उत्तर भारत के तालाब, नदियों के कगारों पर 25-30 फुट लंबी मांद बनाकर रहता है।

शारीरिक बनावट की बात करें, तो हनी बैजर के शरीर का ऊपरी भाग भूरा, बगल और पेट काला, माथे पर सफेद चौड़ी धारी होती है। इसकी त्वचा बहुत अधिक मोटी (गैंडा, जिराफ, भैंस जैसे जानवरों से भी अधिक मोटी) होती है। इसके पैरों में 5 मजबूत नाखून होते हैं, जो इसे जमीन खोदने में और मांद बनाने में मदद करते हैं। आमतौर पर वयस्क नर हनी बेजर का वजन 9 से 16 किलोग्राम और मादा हनी बेजर का वजन 5 से 10 किलोग्राम होता है। इसकी अनुकूलन क्षमता इसे अलग-अलग और कठोर परिस्थितियों में भी जीवित रहने में सक्षम बनाती है। हनी बेजर लगभग 24 वर्षों तक जीवित रहता है।

हनी बेजर बहुत बुद्धिमान भी होता है। यह शतुरमुर्ग के अंडों को तोड़ने के लिए पत्थरों का इस्तेमाल करता है। यह दीमक के टीलों पर जाकर लकड़ियां ठोकने के लिए भी पत्थर का इस्तेमाल करता है। *

### बुद्धिमान और माहिर शिकारी

हनी बेजर मूल रूप से सांप, बिच्छू, पक्षी, कीड़े, छोटे स्तनधारी, वनस्पति और फल खाता है। हनी बेजर मुश्किल से मुश्किल हालातों में भी भोजन ढूंढ़ने में माहिर होता है। यह दबे हुए शिकार को खोदकर निकाल लेता है। शहद और लार्वा के लिए मधुमक्खियों के छत्ते पर धावा बोल देता है। शिकार कौशल के अलावा यह भागने में भी माहिर होता है। जरूरत पड़ने पर पेड़ों पर चढ़ सकता है। पानी में तैर भी सकता है। मतलब कि यह हर सिचुएशन के हिसाब से अपने आप को ढाल लेता है।

---

कविता / डॉ. फहीम अहमद

## गौरैया



अच्छी लगती है गौरैया,
चीं-चीं की यह तेरी धुन!
तिनका-तिनका जोड़ सुहाना
नीड़ बना लेती कैसे?
नन्हा-मुन्ना घर बनने में,
लगते नहीं तनिक पैसे।
मुझे सिखा दे यही कला तू
मेरी इतनी विनती सुन!
सूरज के उगने से पहले,
नींद तुम्हारी खुल जाती।
मीठी-मीठी हवा बहे तो,
काया तेरी धुल जाती।
बैठ डाल पर चुपके-चुपके,
नई सुबह के सपने बुन!
यहां-वहां से, कहां-कहां से,
लाती है तू चुन-चुन के।
लाकर रोज खिलाती है तू
बच्चों को दाने-दुनके।
मुझे बहुत अच्छा लगता यह
तेरा मेहनत वाला गुन!

## हंसगुल्ले




**मोनू :** इस बार दिवाली पर मैंने एक रॉकेट छोड़ा तो वो सीधा आकाश से जा टकराया।
**सोनू (हैरानी से) :** अरे! फिर क्या हुआ?
**मोनू :** फिर क्या, आकाश की मम्मी ने मुझे खूब डांटा और मेरी मम्मी से भी मेरी शिकायत कर दी।
-संभव, रायपुर

**चिंटू :** अगर आलू किसी की हेल्प करे तो उसे क्या कहेंगे?
**मिंटू :** क्या कहेंगे?
**चिंटू :** दयालु।
-पलक, बिलासपुर

**सोनू :** ऐसी कौन-सी चाय है, जिसे पीने के बाद बहुत बुरा लगता है?
**मोनू (देर तक सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तुम बता दो।
**सोनू :** गिल्टी।
-कोमल, दुर्ग

## जीके क्विज-177



1. किस विश्वप्रसिद्ध फुटबॉलर को साल 2025 का गोल्डन बूट अवार्ड मिला?
2. हाल ही में कहां दीपावली के अवसर पर 26 लाख से भी अधिक दीये जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया?
3. सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती को किस दिवस के रूप में मनाते हैं?
4. पिछले दिनों किस तिथि को संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया गया?
5. विश्व प्रसिद्ध पुष्कर मेला किस राज्य में आयोजित होता है?
6. कौन-सा जीवाणु (बैक्टीरिया) दूध को दही में बदल देता है?
7. स्वतंत्र भारत के प्रथम रेल मंत्री कौन बने थे?
8. टेलीस्कोप (दूरबीन) की खोज किसने की थी?
9. विक्टोरिया मेमोरियल भारत के किस शहर में स्थित है?
10. प्रसिद्ध हिंदी उपन्यास 'गोदान' के लेखक कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-177 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-176 का उत्तर :** 1.मारिया कोरिना मचाडो, 2.ज्ञानेश कुमार, 3.संयुक्त राज्य अमेरिका, 4.न्यूटन, 5.शतरंज, 6.विटामिन ए, 7.दुग्ध उत्पादन, 8.इंदिरा प्वॉइंट, 9.अरुणाचल प्रदेश, 10.लैक्टोमीटर

**जीके क्विज-176 का सही उत्तर देने वाले :** तनिष्क-राजनांदगांव, कबीर-हिसार, आद्या-उमरिया, अविनाश-ईमेल से, रमेश-बैकुंठपुर, रजनी-बलरामपुर, श्रद्धा-ईमेल से, कुसुम-बेमेतरा, प्रियांक-बलौदा बाजार, सोहम-कांकेर

---

कहानी
क्षमा शर्मा

नन्हे अंतरिक्ष ने इतनी जोरों से किक मारी कि उसकी फुटबॉल ना जाने कहां गायब हो गई। दादाजी ने कहा कि लगता है स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है। यह सुनकर भोले-भाले अंतरिक्ष ने भी फुटबॉल पर बैठकर स्पेस पर जाने की सोची। स्वयं ही नहीं, घर के और लोगों को भी स्पेस पर ले जाने की सोची। लेकिन अतंरिक्ष की फुटबॉल गई कहां, क्या वह उसे मिली? पढ़ो, बहुत मजेदार कहानी।

# अंतरिक्ष की फुटबॉल



अंतरिक्ष के बड़े से बगीचे में तरह-तरह के गुलाब, लाल-पीले गेंदे और गुड़हल के गुलाबी फूल खिले हुए थे। बगीचे में हरी-हरी घास थी। शाम के समय कभी पापा, कभी बुआ, कभी मम्मा के साथ अंतरिक्ष टेनिस, बैडमिंटन या फुटबॉल खेलता था। टीवी पर फुटबॉल खिलाड़ियों को देख वैसे ही करतब करने की कोशिश करता। वह अकसर अपने दादाजी से बोलता, 'मैं रोनाल्डो बनूंगा, ऐसे गोल मारूंगा।' कहकर वह अपनी फुटबॉल की तरफ दौड़ता और जोर से किक जमाता। फुटबॉल कभी ऊपर टेरेस पर गिरती, कभी नीम के पेड़ में उलझ जाती। एक रात जब आसमान में पूरा चांद उगा था, अंतरिक्ष ने खेल-खेल में फुटबॉल उछाली, तो वह कहीं अटक गई। उसने फुटबॉल खोजने की कोशिश की लेकिन नहीं मिली।

'कहां गई?' अंतरिक्ष ने मम्मा से पूछा। वह बोलीं, 'कहां गई होगी, बाहर चली गई होगी। अब सवेरे जाकर खोजना।'

बुआ ने कहा, 'क्या पता आसमान में जो एक बड़ा पक्षी उड़ता हुआ दिख रहा था, वही उसे अपनी चोंच में दबाकर उड़ गया हो।'

दादाजी बोले, 'अरे वो पक्षी नहीं, वो जो तीन खरगोश बगीचे में घूमते हैं, हो सकता है, उनमें से कोई उसे मुंह में दबाकर भाग गया हो। अपने बच्चों और दोस्तों के साथ खेल रहा हो।' पापा ने बहुत अलग बात कही, 'मुझे तो लगता है, इसकी फुटबॉल स्पेसशिप बनकर चांद पर चली गई है।'

'स्पेसशिप..!' अंतरिक्ष मुस्कराया फिर कुछ सोचता हुआ बोला, 'अगर मैं उस पर बैठा होता तो मैं भी चांद पर चला जाता।' उसकी बात सुन पापा हंसे। 'ठीक है, मैं अपनी दूसरी फुटबॉल लाता हूं। वह भी स्पेसशिप बन जाएगी। मैं दादाजी के साथ उस पर बैठकर चांद पर जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने चहकते हुए कहा। 'फिर वहां क्या करोगे?' पापा ने पूछा। 'दादाजी से मैथ्स पढ़ूंगा। होमवर्क भी कर लूंगा। सुना है चांद पर आइसक्रीम के पहाड़ हैं। खूब आइसक्रीम भी खाऊंगा। आपके लिए भी ले आऊंगा।' अंतरिक्ष ने मजे से जवाब दिया। 'और जब नींद आएगी तो..?' दादी ने पूछा। 'नींद आएगी तो सो जाऊंगा।' अंतरिक्ष ने झट से जवाब दिया। 'मगर कैसे सोओगे। तुम्हें तो तब तक नींद ही नहीं आती, जब तक अपने बिस्तर पर न सोओ। और मम्मा तुम्हें कोई कहानी न सुनाए।' दादी बोलीं। अंतरिक्ष तुरंत बोला, 'वहां मेरे दादाजी होंगे न। वो कहानी सुना देंगे।' अंतरिक्ष एक पल रुककर यह भी बोला, 'मेरे साथ मम्मा, पापा, दादी, मेरी बुआ सब साथ चलेंगे। पूरी छुट्टियां हम वहीं रहेंगे।' 'जितना बड़ा तू, उससे छोटी तेरी फुटबॉल। उसमें बैठकर कौन-कौन जाएगा? उसके लिए तो असली वाला स्पेसशिप लाना पड़ेगा। लेकिन कहां मिलेगा स्पेसशिप?' दादाजी ने पूछा।

'पापा दिलवा देंगे मुझे। मैं उसे चलाना भी सीख लूंगा।' अंतरिक्ष बोला। तभी बगीचे में खड़-खड़ सुनाई दी। देखा कि एक खरगोश गमले में लगी गोभी को खाने के लिए चढ़ा था। उसने दूसरा गमला गिरा दिया। गमला टूट गया था। सारी मिट्टी बिखर गई। 'दादाजी खरगोश!' अंतरिक्ष चिल्लाया। दादाजी बाहर आए और जोर-जोर से खरगोश को डांटते हुए पूछने लगे, 'क्यों भई, अंतरिक्ष की फुटबॉल कहां छिपाकर आए हो? जल्दी वापस लाओ। तुम्हें मालूम नहीं, उसे अपनी फुटबॉल से स्पेसशिप बनाना है और चांद पर जाना है।' कहते हुए दादाजी खरगोश की तरफ बढ़े, तो वह भागकर गमले के पीछे छिप गया और मौका पाते ही गायब हो गया। दादाजी बोले, 'देखो तुम्हारी फुटबॉल लेने गया है। अभी दे जाएगा।' 'लेकिन वह तो चांद पर चली गई।' अंतरिक्ष ने अपनी गोल गोल आंखें घुमाईं। 'क्या पता न गई हो। इसके पास हो। नहीं लाया, तो हो सकता है, जो तुम कह रहे हो वही ठीक हो।' दादाजी को अंतरिक्ष से फुटबॉल की बातें करते बहुत मजा आ रहा था। 'अंतरिक्ष आकर दूध पियो। सोने का समय हो गया। सबेरे टेनिस खेलने जाना है।' मम्मा कह रही थीं।

पापा उसके लिए दूध ले आए। अपने कमरे की तरफ बढ़ते हुए अंतरिक्ष रह-रह कर चांद को देख रहा था। उसे लग रहा था कि गोल चांद ही कहीं उसकी फुटबॉल तो नहीं। वह सोते वक्त बार-बार मम्मा से यही पूछ रहा था, 'अगर फुटबॉल चांद बन गई है, तो वह पीली कैसे हो गई? वह तो लाल थी और इतनी चमक क्यों रही है?' अंतरिक्ष के सोने के बाद दादाजी बाहर गए तो पड़ोस की सिंधु आंटी पेड़ों के बीच से झांकती हुई बोलीं, 'अरे, यह अंतरिक्ष की फुटबॉल हमारे ड्रम में आकर गिर गई थी। अभी पानी निकालने लगे तो दिखाई दी।' पापा ने उसे अंतरिक्ष की कुर्सी पर रख दिया। दादी बोलीं, 'सबेरे उठेगा तो पूछेगा कहां से आई?' 'कह देंगे कि चांद आकर दे गया। कह गया है कि एक रात वह अंतरिक्ष को खुद आकर ले जाएगा।' बुआ ने हंसते हुए धीरे से कहा। रात बहुत हो गई थी। अंतरिक्ष भी मीठे सपनों में खोया था। वह हाथ-पांव फेंक रहा था, जैसे कि फुटबॉल के पीछे दौड़ रहा हो। *

---

कविता
सूर्यकुमार पांडेय



एआई इमेज

## हम अच्छे इंसान बनें

बनना है तो चांद बनें,
शीतलता बिखरा दें हम ।
बनना है तो पवन बनें,
घर-घर मस्ती ला दें हम।
बनना है तो धूप बनें,
सबमें गरमाहट भर दें।
बनना है तो मेघ बनें,
धरती पर बारिश कर दें।
बनना है तो फूल बनें,
सभी ओर खुशबू बिखरे।
बनना है तो रूप बनें,
जो हर रोज नया निखरे।
अगर चाहते हैं दुनिया में,
हम भी बड़े-महान बनें।
उसकी पहली शर्त यही है,
हम अच्छे इंसान बनें।

---

## रंग भरो-188

**रंग भरो-188** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





मयंक, गुना



तमन्ना, कोरबा



ईशान, ईमेल से



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



आस्तिका, चांपा



आन्या, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

अनिकेत-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, राजन-भोपाल, कोमल-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, कुसुम-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, सोहम-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राकेश-बालोद, साकेत-हिसार

## रंग भरो 189





बच्चो, यहां एक लड़के और जिराफ का एक प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप



रोहतक। विजेता टीम को बधाई देते प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब ।

### छात्राओं ने जीता लॉन टेनिस टूर्नामेंट

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने दो दिवसीय इंटर कॉलेज लॉन टेनिस टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर विजेता ट्रॉफी पर अपना अधिकार स्थापित किया। टीम इंचार्ज डॉ. कुसुम लता ने जानकारी दी कि टीम की खिलाड़ी रैने सिंह, जोकि राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड मेडलिस्ट हैं और नैंसी, जो एक उम्दा टेनिस खिलाड़ी हैं, ने निर्णायक फाइनल मुकाबले में जाट कॉलेज, रोहतक की टीम को पराजित कर विजयी स्थान प्राप्त किया।

### भूगोल में रोजगार के अवसर पर व्याख्यान

**रोहतक।** राजकीय महिला महाविद्यालय लखन माजरा के भूगोल विभाग द्वारा भूगोल में रोजगार के अवसर विषय पर एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को भूगोल विषय से जुड़े विविध करियर विकल्पों और रोजगार संभावनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोनिका कौशिक, पीआईजी, राजकीय महिला महाविद्यालय जींद ने छात्राओं को संबोधित किया।

### हरियाणा दिवस पर एमडीयू में होगा कवि सम्मेलन

**रोहतक।** हरियाणा दिवस के पावन अवसर पर महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय स्थित हिन्दी विभाग के सभागार में 'देसी काव्य मंच' का वार्षिक राष्ट्रीय कवि सम्मेलन होगा। इसमें हरियाणा, दिल्ली, उप्र एवं राजस्थान के जाने-माने कवि शिरकत करेंगे और अपनी कविताओं द्वारा लोगों का मन जीतेंगे। यह जानकारी संदीप शर्मा 'बांवरा' ने दी।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों और शिक्षा का मेल है आर्म्सकोन: कुलगुरु

- कुलविंदर बिल्ला गायक के गानों पर छात्र जमकर थिरके
- 16 कॉलेज के करीब 1500 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक तीन दिवसीय आर्म्स कौन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर एच के अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। 29 अक्टूबर की रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही आर्म्सकोन का समापन हुआ। कुलपति डॉक्टर एचके अग्रवाल ने कहा कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए और विद्यार्थियों द्वारा ही आयोजित किया जाता है जिसमें पूरे देश के विद्यार्थी हिस्सा ले सकते हैं।

### हाफ डे वर्कशॉप का आयोजन

डीन छात्र कल्याण डॉ सविता सिंघल ने बताया कि आर्म्सकोन के दौरान 2 फूल डे और 12 हाफ डे वर्कशॉप का आयोजन किया गया। बच्चों को रिससिटेशन, स्टेथोस्कोप,रिसर्च ,कम्युनिकेशन इसके साथ गायनी, कुकरी एवं ऐसे कई बेसिक रिसर्च और स्किल से अपडेट किया गया। डॉ सविता सिंघल ने बताया कि तीन दिवसीय इस कांफ्रेंस में 16 से अधिक कॉलेज के करीब 1500 छात्रों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। उन्होंने बताया कि आर्म्सकोन की शुरुआत नशा छोड़ने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के लिए मैराथन से हुई और उसके बाद पौधारोपण का कार्यक्रम रखा गया। डॉ हरनीत सिंह ने बताया कि आर्म्स कौन के दूसरे दिन ड्रैमेटिक्स के द्वारा बच्चों के देशभक्ति की भावना को जगाया गया। इसमें बच्चों को आर्ट ,स्केचिंग, पेंटिंग, पेपर एवं पोस्टर प्रेजेंटेशन करने का भी अवसर मिला। जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉक्टर वरुण अरोड़ा ने बताया कि कांफ्रेंस के दौरान विद्यार्थियों ने 45 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए। तीसरे दिन रात्रि में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें क्लासिकल, भांगड़ा, वेस्टर्न ,हरियाणवी एवं नरसिंहमा की पूरी गाथा को नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिस पर दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई।

### छात्र जमकर थिरके

तीन दिन के समापन पर कुलविंदर बिल्ला गायक के गानों पर छात्र जमकर थिरके। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एलपीएस बोसार्ड के अध्यक्ष राजेश जैन,मेयर राम अवतार वाल्मीकि, एसबीआई के एजीएम रमाशंकर उपस्थित हुए। डॉ वरुण ने बताया कि ड्रामेटिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सुपवा के कुलपति डॉ अमित आर्य भी उपस्थित रहे। निदेशक डॉक्टर सुरेश सिंघल ने बताया कि यह आर्म्स कौन का 11 वां एडिशन है और इसकी शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी।

## विद्यार्थियों को भविष्य के अवसर और चुनौतियों से अवगत करवाया

# पर्यटन विशेषज्ञों ने उभरते पेशेवरों को दीं नई दिशाएं, एआई में भविष्य उजागर किया

- उभरते पेशेवरों के लिए एक प्रेरणादायक अवसर प्रदान किया
- सत्र के अंत में डॉ. संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया

कार्यक्रम में देश के प्रमुख पर्यटन विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक चुनौतियों और अवसरों की गहन जानकारी दी, जिससे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता एक बार फिर साबित हुई,सत्र के अंत में डॉ. संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट (आईएचटीएम) में पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में उभरते पेशेवरों के लिए एक प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख पर्यटन विशेषज्ञों ने छात्रों को आधुनिक चुनौतियों और अवसरों की गहन जानकारी दी, जिससे संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता एक बार फिर साबित हुई। मुख्य वक्ता के रूप में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल मैनेजमेंट विभाग के चेयरपर्सन एवं वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. मोहिंदर चंद ने 'एआई और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन इन हॉस्पिटैलिटी' पर अपनी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। उन्होंने बताया कि कैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री को क्रांतिकारी बदलाव दे रहा है, स्मार्ट होटल्स से लेकर पर्सनलाइज्ड गेस्ट एक्सपीरियंस तक। सत्र के अंत में डॉ. संजीव कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया, जबकि डॉ. शिल्पी, सहायक प्रोफेसर ने पूरे कार्यक्रम का समन्वय किया। बॉक्सः



**रोहतक।** आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया। *फोटो : हरिभूमि*

### एमडीयू तेजी से प्रगति कर रहा

उल्लेखनीय है कि एमडीयू भारत की पहली यूनिवर्सिटी है जिसने हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन में ऐसे एप्रेंटिसशिप-एम्बेडेड प्रोग्राम शुरू किए हैं। जामिया व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से आये विशेषज्ञों ने कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में एमडीयू तेजी से प्रगति कर रहा है और नवाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत में आईएचटीएम के निदेशक प्रो. आशीष दहिया ने विशेषज्ञों का स्वागत किया और संस्थान की प्रगति यात्रा की विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने आईएचटीएम के उल्लेखनीय उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं और छात्रों के करियर विकास पर चल रहे प्रयासों का जिक्र किया।

### छात्रों को मिला अवसर

यह आयोजन आईएचटीएम के छात्रों के लिए एक सुनहरा अवसर साबित हुआ, जहां सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अंतर्दृष्टि से जोड़ा गया। संस्थान लगातार ऐसे कार्यक्रमों से हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र में नई पीढ़ी तैयार कर रहा है। आईएचटीएम के उल्लेखनीय उपलब्धियों, आधुनिक सुविधाओं और छात्रों के करियर विकास पर चल रहे प्रयासों का जिक्र किया।

### 'हैरिटेज एंड कल्चरल टूरिज्म' पर प्रकाश डाला

जामिया मिलिया इस्लामिया के पर्यटन एवं होटल मैनेजमेंट विभाग की संस्थापक सदस्य प्रो. सुनीता जैदी ने 'हैरिटेज एंड कल्चरल टूरिज्म' पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को पर्यटन के माध्यम से वैश्विक पटल पर लाने के तरीकों पर जोर दिया, साथ ही सस्टेनेबल टूरिज्म की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों ने सराहा आईएचटीएम का नवाचार- दोनों विशेषज्ञों ने आईएचटीएम द्वारा शुरू किए गए बीबीए (एप्रेंटिसशिप एम्बेडेड डिग्री प्रोग्राम्स) की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने इसे हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम बताया, जो सैद्धांतिक शिक्षा को व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़कर छात्रों को उद्योग-तैयार बनाता है।



**रोहतक।** वैश्य व्यायामशाला गौशाला में पीड़ित और लावारिस गायों के लिए दवाइयों की सेवा प्रदान करते भारत विकास परिषद रोहतक शाखा के सदस्य।

# गोपाष्टमी पर पीड़ित गायों के लिए दवाइयों की व्यवस्था की

- जनता कॉलोनी स्थित वैश्य व्यायामशाला गोशाला में हुआ सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोपाष्टमी के पावन अवसर पर जनता कॉलोनी स्थित वैश्य व्यायामशाला गौशाला में पीड़ित और लावारिस गायों के लिए दवाइयों की सेवा प्रदान की गई। यह सेवा भारत विकास परिषद रोहतक शाखा की ओर से गौशाला प्रबंधक सुभाष तायल को भेंट स्वरूप दी गई। गौशाला प्रबंधक सुभाष तायल ने बताया कि इस गौशाला में असहाय और घायल पशुओं की सच्चे मन से सेवा की जाती है। उन्होंने कहा कि यहां की सेवा देखकर हृदय द्रवित हो उठता है, क्योंकि इन पीड़ित पशुओं को नियमित रूप से चिकित्सा और दवाइयों की आवश्यकता होती है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से अपील की कि वे गौ सेवा में अवश्य भाग लें। यहां की गई सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती और इससे असहाय पशुओं का आशीर्वाद प्राप्त होता है। कार्यक्रम संयोजक अशोक गुप्ता ने कहा कि गौ सेवा करने से जीवन से दरिद्रता दूर होती है और घर में सुख, शांति व समृद्धि आती है। इस अवसर पर क्षेत्रीय संयोजक अशोक गुप्ता, संगठन सचिव रामचरण सिंगला, गौशाला प्रबंधक सुभाष तायल, शाखा सचिव विजय गुप्ता, पर्यावरण संयोजक गणपत राय गोयल तथा शंकर लाल गर्ग उपस्थित रहे।

## गोपाष्टमी पर्व मनाया



**रोहतक।** डेरा श्री बाबा लक्ष्मणपुरी जी महाराज ,गौकर्ण तीर्थ में गोपाष्टमी पर गौ माता की पूजा अर्चना करते हुए उप आचार्य महामंडलेश्वर गौकर्ण पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी कपिलपुरी महाराज व भक्तजन
पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने पहली बार गाय चराने (गौचारण) का दायित्व संभाला था, जिसके कारण इस तिथि को 'गोपाष्टमी' के नाम से जाना जाता है। इस दिन गायों की पूजा की जाती है, उन्हें सजाया जाता है और उन्हें चारा व गुड़ खिलाकर सम्मान दिया जाता है गोपाष्टमी हमें सिखाती है कि गौमाता की सेवा करने से जीवन में सुख-समृद्धि और पापों से मुक्ति मिलती है।

### जोनी मिस्टर फ्रेशर तो सोनिया मिस फ्रेशर बनी

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण शिक्षण महाविद्यालय में सांस्कृतिक विभाग के तत्वावधान में बीएड द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत स्वरूप फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि प्राचार्या डॉ. महाश्वेता रही। डॉ. महाश्वेता ने बताया कि महाविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाते हैं। बीएड के पाठ्यक्रम द्वारा विद्यार्थियों में नए नए कौशल विकसित करने का प्रयास किया जाता है। शर्मा, डॉ. मोना मल्होत्रा, डॉ. सोन किरण, डॉ. रानी देवी, पूनम अत्री, विनोद, पवन, निधि, राखी आदि उपस्थित रहे।

# धान और बाजरे की खरीद में तेजी, किसानों से फसल अवशेष न जलाने की अपील

- अब तक 21410 मीट्रिक टन धान और 5498 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा गया, पराली जलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिले की मंडियों में धान और बाजरे की खरीद सुचारू रूप से जारी है। अब तक 21410.08 मीट्रिक टन धान और 5498 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की जा चुकी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसलों को पूरी तरह साफ और सूखा कर ही मंडियों में लाएं ताकि बिक्री प्रक्रिया में किसी तरह की दिक्कत न हो। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने बताया कि खरीदे गए में ग्रेड-ए किस्म का 12419.4 मीट्रिक टन, बासमती 1121 का 390.60 मीट्रिक टन तथा पीबी 1509 किस्म का 8600.10 मीट्रिक टन धान शामिल है। अकेले रोहतक मंडी में 16726.8 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है, जिसमें ग्रेड-ए किस्म का 10987.48 मीट्रिक टन और पीबी 1509 किस्म का 5739.3 मीट्रिक टन धान शामिल है।

इसी तरह महम मंडी में 2020 मीट्रिक टन पीबी 1509 किस्म का धान खरीदा गया है, जबकि सांपला मंडी में अब तक 2663.3 मीट्रिक टन धान की खरीद हुई है। सांपला मंडी में खरीदे गए धान में ग्रेड-ए किस्म का 1431.9 मीट्रिक टन, बासमती 1121 का 390.60 मीट्रिक टन और पीबी 1509 किस्म का 840.8 मीट्रिक टन धान शामिल है। जिले में बाजरे की खरीद भी सुचारू रूप से चल रही है। अब तक कलानौर मंडी में 3492.7 मीट्रिक टन, महम मंडी में 1091.9 मीट्रिक टन और सांपला मंडी में 913.4 मीट्रिक टन बाजरे की खरीद की गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि वे फसलों को पूरी तरह सुखाकर और साफ करके लाएं, ताकि उनकी फसल की गुणवत्ता बनी रहे और खरीद में कोई समस्या न आए। उन्होंने किसानों को चेतावनी दी कि फसल के अवशेषों को जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ता है और भूमि की उपजाऊ शक्ति भी प्रभावित होती है। इसलिए किसान पराली को जलाने के बजाय उसका उचित प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार पराली न जलाने वाले किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत प्रति एकड़ 1200 रुपये की प्रोत्साहन राशि दे रही है।

### पराली जलाने वालों पर तीन तरह से होगी

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि पराली जलाने वालों के खिलाफ तीन प्रकार की कार्रवाई की जाएगी। एक तो एफआईआर दर्ज की जाएगी, 5 हजार से 30 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा और मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रेड एंट्री की जाएगी। यदि कोई किसान 2 एकड़ भूमि में अवशेष जलाता है तो उस पर 5 हजार रुपये, 2 से 5 एकड़ तक 10 हजार रुपये और 5 एकड़ से अधिक पर 30 हजार रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।



**रोहतक।** उपायुक्त नरेंद्र कुमार।

# राष्ट्रीय एकता शिविर 4 से 10 नवंबर तक लगेगा

- यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी थीम पर जुटेंगे देशभर के एनएसएस स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) प्रकोष्ठ द्वारा राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन 4 से 10 नवम्बर तक किया जाएगा। यह शिविर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तथा राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ, उच्च शिक्षा विभाग, हरियाणा के सहयोग से आयोजित हो रहा है। इस वर्ष के शिविर की थीम यूथ फॉर माय भारत एंड यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी रखी गई है। शिविर का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय एकता, डिजिटल साक्षरता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त बनाना है। देश के विभिन्न राज्यों और विश्वविद्यालयों से चयनित लगभग 200 एनएसएस स्वयंसेवक इस सात दिवसीय शिविर में भाग लेंगे। कुल 16 राज्यों से आए स्वयंसेवक इस शिविर में सहभागिता करेंगे। शिविर के दौरान प्रतिभागियों को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, व्याख्यान श्रृंखलाओं, सामाजिक जागरूकता रैलियों, योग सत्रों एवं सामुदायिक सेवा कार्यक्रमों के माध्यम से नॉट मी, बट यू की भावना को आत्मसात करने का अवसर मिलेगा। एनएसएस समन्वयक डॉ. सविता राठी के नेतृत्व में आयोजित यह शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास, राष्ट्र निर्माण एवं डिजिटल प्रगति के मार्ग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।


## कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा अनुसंधान की जानकारी देना

# छात्रों को तकनीकी नवाचारों के बारे में प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च यूनिट, पं. बीडी शर्मा, पीजीआईएमएस एवं एमकेएसईएस, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) के संयुक्त तत्वावधान में "बायोएथिक्स एवं गुड क्लीनिकल प्रैक्टिसेस" पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन 23 से 29 अक्टूबर, 2025 तक वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा अनुसंधान में नैतिकता एवं वैज्ञानिक गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को प्रोत्साहित करना तथा मानव प्रतिभागियों से संबंधित क्लीनिकल ट्रायल्स के संचालन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना था।

कार्यशाला का शुभारंभ पैथोलॉजी विभाग पीजीआईएमएस के नोडल अधिकारी एवं प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया और कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ. संजय कुमार ने बताया कि गुड क्लीनिकल प्रैक्टिसेस का प्रशिक्षण चिकित्सा अनुसंधान में संलग्न प्रत्येक व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि यह अनुसंधान की नैतिकता, पारदर्शिता और वैज्ञानिक वैधता सुनिश्चित करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नेशनल मेडिकल कमीशन के दिशा-निर्देशों के अनुसार पीजी छात्रों के लिए अनुसंधान एवं थीसिस कार्य हेतु गुड क्लीनिकल प्रैक्टिसेस प्रशिक्षण अनिवार्य है, और इस कार्यशाला के प्रतिभागियों को हरियाणा मेडिकल काउंसिल द्वारा 14 क्रेडिट घंटे प्रदान किए जाएंगे।




### ऑनलाइन कार्यशाला में 600 प्रतिभागी शामिल

कार्यशाला में विभिन्न राज्यों और संस्थानों से ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यशाला में 600 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इनमें मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग, पैरामेडिकल, विज्ञान से जुड़े फैकल्टी सदस्य, शोधार्थी,जूनियर/सीनियर रेजिडेंट्स एवं अन्य विशेषज्ञ शामिल रहे। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक पं. बी.डी. शर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) एचके अग्रवाल रहे, जबकि अध्यक्षता निदेशक, पीजीआईएमएस डॉ. एसके सिंघल ने की। साइंस-टेक संस्थान के एमकेएसईएस एजुकेशनल सोसाइटी, लखनऊ (उत्तर प्रदेश) डॉ. एसके सिंह, ने भी कार्यशाला के आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और प्रतिभागियों को अनुसंधान में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं तकनीकी नवाचारों के महत्व के बारे में प्रेरित किया।आयोजकों ने यह संकल्प लिया कि भविष्य में भी इस प्रकार की उच्चस्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा, ताकि चिकित्सा अनुसंधान में नैतिकता, गुणवत्ता एवं मानवीय दृष्टिकोण को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

### कार्यशाला में इनका रहा सहयोग

यूपी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई, इटावा (उत्तर प्रदेश) सांख्यिकी के प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार शुक्ला ने कार्यशाला में सलाहकार के रूप में मार्गदर्शन दिया। कार्यशाला सलाहकार डॉ. सुशील कुमार शुक्ला, प्रोफेसर (सांख्यिकी), यूपी यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज, सैफई, इटावा (उ.प्र.) रहे। लखनऊ की गवर्निंग बॉडी से श्वेता सिंह एवं केके सिंह ने भी सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

# स्वयंसेवक राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर के लिए उज्जैन रवाना




**रोहतक।** शहीद राय सिंह राजकीय महाविद्यालय सांपला के चार स्वयंसेवक दीपांशु, पारस, नीरज और अमन यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. दीपक लठवाल के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की महाकाल नगरी उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह प्रशिक्षण शिविर 30 अक्तूबर से 3 नवंबर तक आयोजित किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. परमभूषण आर्य ने सभी स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण शिविरों से युवाओं में सेवा भावना, अनुशासन और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। उन्होंने स्वयंसेवकों को पूरे उत्साह और समर्पण के साथ कैंप में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। यूथ रेड क्रॉस काउंसलर डॉ. दीपक लठवाल ने बताया कि इस शिविर में स्वयंसेवकों को प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य जागरूकता, टीम भावना और समाज सेवा से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटने के बाद सभी स्वयंसेवक महाविद्यालय में अन्य विद्यार्थियों को भी रेड क्रॉस की भावना से प्रेरित करेंगे।

**सूचना**

मैं, महाबीर पुत्र श्री दयाराम निवासी ईसमाइला 11 बी तहसील सांपला जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, जयभगवान पुत्र श्री झून्डू राम निवासी वार्ड नं. 10, नजदीक रविदास मंदिर, कलानौर तह. कलानौर जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा लड़का मुकेश व उसकी पत्नी अंजली मेरे कहे सुने से बाहर है, इसलिए मैं इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो कोई भी इनसे लेन-देन व व्यवहार रखेगा तो वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकी परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आरसीसी नाले और सड़क निर्माण को मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम की वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक कैनाल रेस्ट हाउस में आयोजित की गई थी। जिसकी अध्यक्षता नगर निगम के मेयर रामअवतार वाल्मिकी ने की। बैठक में शहर के विकास और आधारभूत संरचना से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई थी। अब इन प्रस्तावों को पर काम शुरू हो गया है।

बैठक में सबसे पहले रोहतास के घर से लेकर जींद रोड तक अंबेडकर पार्क मार्ग के निर्माण कार्य को मंजूरी दी गई। यह सड़क निर्माण कार्य नागरिकों की सुविधा और सुचारु यातायात व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक माना गया। समिति ने निर्णय लिया कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा ताकि इस क्षेत्र में आवागमन सुगम बनाया जा सके। 146.62 लाख इसकी लागत आएगी। दूसरा प्रमुख निर्णय गोहाना अड्डा से लेकर सुखपुरा चौक तक आरसीसी नाले के निर्माण से संबंधित था। यह कार्य वार्ड नंबर 7 के अंतर्गत आएगा। समिति ने बताया कि इस नाले के बनने से क्षेत्र में बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान होगा। इस परियोजना पर लगभग एक करोड़ पचासी लाख इक्यानवे हजार रुपये की लागत आएगी। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्य की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए और निर्माण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।




## महाराजा अग्रसेन पार्किंग का टेंडर एक वर्ष के लिए बढ़ाया

### पार्किंग व्यवस्था बेहतर करने के लिए जरूरी

बैठक में तीसरा महत्वपूर्ण निर्णय महाराजा अग्रसेन पार्किंग के टेंडर की अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ाने से संबंधित था। समिति ने माना कि पार्किंग व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए यह विस्तार आवश्यक है, ताकि शहर में बढ़ते वाहनों को देखते हुए नागरिकों को पार्किंग की पर्याप्त सुविधा मिल सके।

### यह निर्णय विकास योजनाओं को देंगे गति

नगर निगम के मेयर ने कहा कि ये सभी निर्णय शहर की विकास योजनाओं को गति देने वाले हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत परियोजनाओं का कार्य समय पर प्रारंभ किया जाए और निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए। वित्त एवं अनुबंध समिति की इस बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि निगम का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर प्रदान करना है। सड़क और नाले जैसी आधारभूत संरचनाएं शहर की जीवन रेखा हैं, इसलिए इनके रखरखाव और निर्माण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### जाट कन्या महाविद्यालय में वॉलीबॉल टूर्नामेंट

**रोहतक।** महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में इंटर कॉलेज वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आगाज हुआ। जिसमें कुल 6 टीमों ने भाग लिया। जिसमें सेमीफाइनल मैच टीकाराम कॉलेज और नेकीराम कॉलेज के मध्य हुआ, जिसमें टीकाराम कॉलेज विजयी रहा तथा दूसरा सेमीफाइनल मैच महारानी किशोरी जाट कन्या कालेज तथा यूटीडी के साथ रहा जिसमें महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज ने विजय हासिल की तथा फाइनल में अपनी जगह बनाई ।

### किताबें जीवन के विकास में होती हैं सहायक

**रोहतक।** पुस्तकें केवल ज्ञान ही नहीं बढ़ाती, मनोरंजन ही नहीं करती बल्कि जीवन कौशल भी विकसित करती हैं। पुस्तकें हमें संवेदी बनाती हैं तथा जीवन के विभिन्न आयामों बारे बारे आलोकित करती है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में बुक क्लब सत्र के तहत ये विचार प्राध्यापक सुनित मुखर्जी ने विद्यार्थियों से साझा किए। आज बुक क्लब में मिच एल्बॉम की चर्चित पुस्तक-ट्युसडेज विद मॉरी बारे चर्चा हुई।

### जाट शिक्षण संस्था कल करेगी छात्रों को सम्मानित

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था द्वारा एक नवम्बर को जाट कॉलेज में जेई एस फेस्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस फेस्ट में संस्था के स्कूलों और कॉलेजों के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 145 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### डॉ मारकंडेय आहूजा की माता का निधन

**रोहतक।** पूर्व कुलपति एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मारकंडेय आहूजा की 90 वर्षीय पूज्य माता निर्मल आहूजा का आज उनके निवास पर निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार वीरवार को रामबाग श्मशान घाट में किया गया। मां को नम आंखों से विदाई देते हुए डॉ मारकंडेय आहूजा ने कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का सबसे पीड़ादायक दिन है।

## सुरेश कौशिक बने नए प्रधान, कर्मचारी सुरक्षा मंच के पांचों प्रत्याशी विजयी

# गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में तराजू का पलड़ा रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

*प्रधान पद पर हुए मुकाबले में सुरेश कौशिक को 288 वोट, अजमेर सिंह को 179 वोट और विकास गिल को 156 वोट मिले।*

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के चुनाव में इस बार तराजू का पलड़ा भारी रहा। दीपक, तराजू और कुर्सी चुनाव चिन्हों के बीच हुए त्रिकोणीय मुकाबले में तराजू चिन्ह वाले कर्मचारी सुरक्षा मंच पैनल के सभी पांचों प्रत्याशी विजयी रहे। सुरेश कौशिक 109 वोटों के भारी अंतर से एमडीयू गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के नए प्रधान चुने गए।

प्रधान पद पर हुए मुकाबले में सुरेश कौशिक को 288 वोट, अजमेर सिंह को 179 वोट और विकास गिल को 156 वोट मिले। उप प्रधान पद पर प्रेम सजवाण ने 278 वोट हासिल कर जीत दर्ज की, जबकि हरदीप हुड्डा को 206 और ज्ञान चांद को 146 वोट प्राप्त हुए।

महासचिव पद पर विजयपाल ने 239 वोट लेकर जीत दर्ज की, रविंदर लोहिया को 223 और सुनील सैनी को 164 वोट मिले। सह सचिव पद पर राजकुमार रंगा 253 वोट पाकर विजयी रहे, जबकि वरुण सैनी को 208 और रामेश्वर को 165 वोट प्राप्त हुए। कोषाध्यक्ष पद पर राजेश शर्मा ने 301 वोट पाकर जीत हासिल की, जबकि सुनील सुतवाल को 182 और विनोद राठौड़ को 144 वोट मिले। यह चुनाव रिटर्निंग अफसर प्रो. राहुल ऋषि, मुख्य चुनाव अधिकारी सुरेश पाल राठी, चुनाव अधिकारी खैराती लाल और सहायक चुनाव अधिकारी सुनील दहिया की देखरेख में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ।






रोहतक। अपनी प्रर्ची लेते मतदाता व मतदान करते मतदाता।

### कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन करेगा पहल

विजय घोषित होने के बाद नए प्रधान सुरेश कौशिक ने कहा कि यह जीत सभी कर्मचारियों की एकजुटता और विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे। कौशिक ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन से मिलकर सकारात्मक पहल की जाएगी और सभी वर्गों के कर्मचारियों को समान अवसर व सम्मान दिलाने के लिए संघ पूरी ईमानदारी से कार्य करेगा। कर्मचारी सुरक्षा मंच की इस एकजुट जीत के बाद समर्थकों में खुशी की लहर देखने को मिली और विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।



रोहतक। जीत के बाद खुशी मनाते नए प्रधान व अन्य सदस्य।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'रन फॉर यूनिटी' होगी, सुबह दो घंटे रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

## सोनीपत स्टैंड से मेडिकल मोड़ तक रहेगा रूट बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

- पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी देशभर में आयोजित होने जा रहे 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम के तहत रोहतक में 31 अक्टूबर को मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर पुलिस ने विस्तृत ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है, ताकि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात व्यवस्था सुचारु रूप से चलती रहे।

मैराथन का आयोजन मानसरोवर पार्क से मेडिकल मोड़ तक किया जाएगा। इस दौरान पुलिस द्वारा विशेष यातायात प्रबंधन की व्यवस्था की गई है। पुलिस के अनुसार सुबह 6 बजे से लेकर 8 बजे तक दो घंटे के लिए कुछ प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक डायवर्जन रहेगा।

इस दौरान सोनीपत स्टैंड से सुभाष चौक, अशोका मोड़ तक तथा कोर्ट चौक से सुभाष चौक तक का मार्ग पूर्णतः बाधित रहेगा।




रोहतक। मीटिंग लेते अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ।

### अधिकारियों को 'रन फॉर यूनिटी' और हरियाणा दिवस समारोह में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आगामी 31 अक्तूबर को आयोजित होने वाली 'रन फॉर यूनिटी तथा 1 नवंबर को हरियाणा दिवस समारोह में अपने स्टाफ सहित उपस्थिति सुनिश्चित करें। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 31 अक्तूबर को प्रातः 7 बजे देश के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष चौक से रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में राई की विधायक कृष्णा गहलावत बतौर मुख्य अतिथि और पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे।

## द आर्यन स्कूल ने किया विजेता ईशांत का सम्मान

**रोहतक।** लाखन माजरा स्थित द आर्यन पब्लिक स्कूल में उस समय गर्व और उत्साह का माहौल छा गया जब विद्यालय परिवार ने अपने ही क्षेत्र के होनहार खिलाड़ी ईशांत राठी का सम्मान किया। ईशांत ने भारतीय अंडर-18 पुरुष कबड्डी टीम की कप्तानी करते हुए एशियन यूथ गेम्स 2025 में स्वर्ण पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। ईशांत के गांव लौटने के अवसर पर विद्यालय के मुख्य द्वार पर विद्यार्थियों ने स्कूल बैंड के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। विद्यालय की प्राचार्या निशा मोंगा ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया, जबकि पीटीआई वीरेंद्र मान और साहिल ने उपहार स्वरूप सम्मान प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष तेजेन्द्र आर्य सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। माहौल भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया जब ईशांत राठी अपने काफिले से उतरकर विद्यार्थियों के बीच पहुंचे और उनके साथ फोटो खिंचवाए। उन्होंने विद्यालय परिवार को स्नेह और सम्मान के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि "विद्यालय की प्रेरणा और आशीर्वाद ने ही मुझे यह मुकाम हासिल करने की शक्ति दी।



## पुरीधाम गोशाला में निकली प्रभातफेरी

**रोहतक।** स्वामी बालकपुरी महाराज की असीम कृपा से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पुरीधाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी महाराज की अगुवाई में कन्हेली डेयरी कॉम्प्लेक्स स्थित पुरीधाम गौशाला में गोपाष्टमी पर्व के उपलक्ष्य में प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। प्रातःकाल आयोजित प्रभातफेरी में स्वामी कर्णपुरी महाराज के सानिध्य में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सभी ने गौमाता की परिक्रमा कर पूजार्चना की और हरिनाम संकीर्तन व गुरु महिमा के भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भोर होते ही पूरा डेयरी कॉम्प्लेक्स जय गौमाता और हरे कृष्ण के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर बाबा बालकपुरी हैप्पी वैली स्कूल के विद्यार्थियों ने भी गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौमाता की पूजा-अर्चना कर धर्म एवं करुणा का संदेश दिया।



## जीडी गोयंका में हुआ ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैरियर फेयर 2025 का भव्य आयोजन

- विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से पाया भविष्य निर्माण का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ग्लोबल यूनिवर्सिटी कैरियर फेयर अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रहा। इस मेले में 24 प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों ने भाग लेकर विद्यार्थियों को शिक्षा और करियर के नए अवसरों से अवगत कराया। यह आयोजन यूनिकनेक्ट इंस्पायर्डवैली के सहयोग से किया गया, जिसने छात्रों को उच्च शिक्षा के विविध मार्गों और वैश्विक अवसरों की खोज के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर इंस्पायर्डवैली के निदेशक गुलशन मेमोरिया और सह निदेशक सौरभ दत्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। स्कूल निदेशक विक्रांत मायना एवं सान्या मायना ने कहा कि यह कैरियर मेला विद्यार्थियों के लिए आत्मविश्वास और दिशा प्रदान करने वाला साबित हुआ है। प्रधानाचार्या सविता नेहरा ने कहा कि कैरियर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि आत्म-खोज की यात्रा है। जब विद्यार्थी अपनी क्षमता पहचानकर सही दिशा में कदम बढ़ाते हैं, तभी शिक्षा का असली उद्देश्य पूरा होता है।



# युवा डॉक्टरों के नए विचारों को 'जेन-नेक्स्ट' ने दिया मंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित आर्म्सकॉन कार्यक्रम के दौरान जेन-नेक्स्ट मेडएड संस्था' ने चिकित्सा शिक्षा के भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से जेन-नेक्स्ट इनोवेशन चैलेंज का सफल आयोजन किया। इस मंच पर युवा डॉक्टरों और चिकित्सा छात्रों ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा में तकनीकी उपयोग और शोध की नई संभावनाओं पर विचार रखे।

**मेधावी प्रतिभागियों को मिला सम्मान:** प्रतियोगिता में कुमारी कुशल ने प्रथम स्थान प्राप्त कर 10,000 रुपये का पुरस्कार जीता, जबकि अंकित को द्वितीय स्थान के लिए 5,000 रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में पीजीआईएमएस के अधिष्ठाता डॉ. अशोक चौहान, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. सविता रानी सिंघल तथा जेन-नेक्स्ट संस्था के सदस्य डॉ. विकास कक्कड़, डॉ. बिक्रम गिल, डॉ. भाव्या जॉली, डॉ. हर्षदीप और सीईओ प्रांजल चौधरी मौजूद रहे।




### मार्गदर्शन एक विरासत है

जेन-नेक्स्ट मेडएड संस्था के संस्थापक डॉ. भूषण कथूरिया ने कहा कि संस्था का लक्ष्य केवल कुशल चिकित्सक तैयार करना नहीं, बल्कि ऐसा शैक्षिक ढांचा विकसित करना है जो युवाओं को नेतृत्व, शिक्षण और नवाचार के अवसर प्रदान करे। उन्होंने कहा कि हमारा विश्वास है कि मार्गदर्शन कोई दान नहीं, बल्कि एक विरासत है और इसी विरासत को आगे बढ़ाना ही जेन-नेक्स्ट का उद्देश्य है।



## पठानिया स्कूल में चार दिवसीय इंटर क्लास फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल में आयोजित चार दिवसीय इंटर क्लास फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बड़े ही शानदार और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक की टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में चयनित टीमों ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना के साथ बेहतरीन खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों विभू, मोनिका, मोहन लाल, इजहार, सुरेश, मंदीप और सुमित के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिकाओं मोनिका पाहवा, रश्मि राहा, सुनीता वर्मा और सीमा सचदेवा ने किया। विभिन्न वर्गों में विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया और प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया रहीं। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, समन्वयक प्रभा शर्मा, अन्नु सहरावत तथा अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। समारोह में पूरे स्कूल में उत्साह और उमंग का वातावरण बना रहा।

## जेजेपी ने किया पार्टी संगठन में विस्तार

**रोहतक।** जननायक जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए युवा प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी घोषित की। जेजेपी युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने घोषणा करते हुए जेजेपी युवा प्रकोष्ठ के 15 जिला प्रभारी और 21 जिला अध्यक्ष नियुक्त किये। जिले में मनोज बालंद को युवा प्रकोष्ठ जिला प्रभारी रोहतक के पद पर नियुक्त किया गया है। अभिषेक देशवाल को युवा प्रकोष्ठ जिला प्रधान नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जेजेपी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा , युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला, जिला रोहतक प्रभारी हरज्ञान मोखरा, जिलाध्यक्ष रोहतक डॉ संदीप हुड्डा का धन्यवाद किया।

## मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने शिकायत के आधार पर की थी रेड

# महम में खाद की दुकान पर सीएम फ्लाइंग का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम कस्बे व आसपास क्षेत्र के किसानों की लगातार शिकायतें मिलने पर सीएम फ्लाइंग व सीआईडी की सयुंक्त टीम ने कई जगह छापेमारी की। जिसमें महम कस्बे में स्थित शिव शक्ति ट्रेडिंग कम्पनी में छापामारी की गई तो वहां पर रिकॉर्ड के हिसाब से स्टाक सही पाया गया। परचेज विभाग में कार्यरत कंट्रोल इंस्पेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि छापेमारी के दौरान शिव शक्ति ट्रेडिंग कम्पनी के बारे में लगातार शिकायतें आ रही थी। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए छापेमारी की गई लेकिन सभी कागजात पूरे पाए गए।





महम। खाद की दुकान में रिकॉर्ड की जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग व वह दुकान जिस पर सीएम फ्लाइंग ने रेड की।

### कारण बताओ नोटिस जारी कर चेतावनी दी

मशीन व कागजों सहित स्टॉक का मिलान सही पाया गया। उन्होंने बताया कि स्टॉक में यूरिया खाद के 2890 बैग मिले जो स्टॉक में भी मिलान सही पाया गया। दिनेश शर्मा ने बताया कि लोगों की शिकायत यह है कि शिव शक्ति ट्रेडिंग कम्पनी मालिक दुकान हर रोज न खोल कर कभी खोलता है। कम्पनी मालिक को कारण बताओ नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई और उन्हें हमेशा जरूरत के अनुसार और किसानों को मांग के अनुसार खाद वितरण करने को कहा। मौके पर उप निरीक्षक उड़न दस्ता रामनिवास, सीआईडी इंस्पेक्टर दिनेश ढांका, अनिल कुमार व मंदीप मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20